## खबर संक्षेप

### अनुपमा आइरिस इन्टरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह आज

**सतना।** अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी विगत 30 वर्षों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में संस्था द्वारा अनुपमा हायर सेकेण्ड्री स्कूल,अनुपमा पब्लिक स्कूल एवं अनुपमा आइरिस इन्टरनेशनल डे बोर्डिंग स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 31 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को प्रातः11बजे से अनुपमा हायर सेकेण्ड्री स्कूल के कक्षा12वीं के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह एवं अखिल स्मृति में शनिवार को आयोजित ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में सम्मिलित सहभागियों के सम्मान समारोह का आयोजन अनुपमा आइरिस इन्टरनेशनल डे बोर्डिंग स्कूल, बराकलां,कोठी रोड में किया जा रहा है।कार्यक्रम राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एल.के.तिवारी के विषिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेष कार्यकारिणी अध्यक्ष (भा.ज.पा) नरेन्द्र त्रिपाठी करेगें। उक्त आशय की जानकारी सचिव डॉ.शैला तिवारी एवं संचालक डॉ.प्रमोद तिवारी द्वारा दिया गया। विद्यालय के सी.ई.ओ पीयूस पाण्डे एवं प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र कुमार सिन्हा ने संस्था द्वारा संचालित समस्त विद्यालयों के अभिभावकों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### मुकुंदपुर जू के भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों के लिये दिशा-निर्देश एवं अपील

**सतना।** संचालक महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर ने बताया कि वर्ष के समापन एवं नव वर्ष आगमन पर 31 दिसंबर 2023 एवं 1 जनवरी 2024 को मुकुन्दपुर जू भ्रमण करने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए समस्त प्रबंध किये गये हैं। जिसके अन्तर्गत 8 टिकिट काउन्टर,चार वाहन पार्किग (दो पार्किग दो पहिया एवं दो पार्किग चार पहिया वाहन) बनाये गये हैं। साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन,चिकित्सा दल,फायर बिग्रेड के भी इंतजाम किये गये है। मुकुन्दपुर जू की सुदृढ़ व्यवस्था एवं पर्यटको के सुविधा के लिये जू प्रबंधन के कर्मचारियों एवं श्रमिकों के अतिरिक्त वनमण्डल सतना से 46 कर्मचारियों,वनमण्डल रीवा से 09 कर्मचारियों,वनरक्षक प्रशिक्षण शाला गोविन्दगढ़ से 33 कर्मचारियों, उप वनमण्डलाधिकारी मैहर, वनपरिक्षेत्र अधिकारी सिंहपुर एवं वनपरिक्षेत्र अधिकारी मुकुन्दपुर की तैनाती की गई हैं। संचालक महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर ने नववर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर 2023 और 1 जनवरी 2024 के दौरान भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि जू के भ्रमण के दौरान एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देते हुये जू प्रबंधन का सहयोग करें और जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। जू प्रबंधन द्वारा अपील की गई है कि जू मुकुन्दपुर,सतना में भ्रमण के दौरान दिशा-निर्देशों का पालन कर जू प्रबंधन का सहयोग करें।

# सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई, कोहरे की चादर में ढका रहा शहर



**सतना।** ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। लोग दिन में भी कांप रहे हैं। शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद भी कोहरे की धुंध छाई रही। 2 बजे के बाद सूर्य देव के दर्शन हुए,लेकिन सूरज की तपिश ठंड के आगे असर रही। ठंड इतनी ज्यादा है कि लोग दिन में गर्म कपड़ों के साथ-साथ मफलर और टोपा पहन के भी निकल रहे हैं। मौसम विभाग के सूत्रों का मानना है कि ठंड अभी और बढ़ेगी और नए साल में कोहरा और अधिक बढ़ सकता है। जिले में कोहरे का असर शनिवार को भी देखने को मिला। कोहरे की वजह से जहां दृश्यता 50 मीटर हो गई वहीं गलन भी बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक दिन का तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया है। कोहरे का यह सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई गई है। कोहरे की वजह से कुछ ट्रेने भी प्रभावित हो रही हैं और अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं।

### गिरा मावा तो और बढ़ेगी ठंड

जिले में नए साल की शुरुआत रिमझिम बारिश के साथ हो सकती है। इस दौरान होने वाली बारिश को मावठा कहा जाता है। मौसम विभाग के मुताबिक एक जनवरी से जम्मू कश्मीर में बने पश्चिमी विच्छोभ की वजह से उत्तरी पूर्वी मप्र में बारिश की संभावना है जिसके चलते जिले में बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम का यह रुख तीन से चार जनवरी तक रहने का अनुमान जताया गया है।

### तापमान पर एक नजर

मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 26.0 और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।इसी प्रकार मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.0 और न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस रहा।बुधवार को अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस, गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.5 और न्यूनतम तापमान 11.7 शुक्रवार को अधिकतम तापमान 20.5 और न्यूनतम तापमान 11.7 तथा शनिवार को अधिकतम तापमान 19.2 और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



# यात्री बस बल्कर से टकराई, एक यात्री की मौत





**सतना।** बेला-कटनी नेशनल हाइवे-30 पर यात्री बस और बल्कर के बीच भिड़ंत हो गई। इस घटना में एक यात्री की मौत हो गई। जबकि कुछ अन्य यात्रियों को भी गंभीर चोटें आई हैं। माना जा रहा है कि ये हादसा कोहरे और सड़क पर चल रहे निर्माण काम की वजह से हुआ। जानकारी के मुताबिक,बेला-कटनी के बीच नेशनल हाइवे-30 पर अमदरा थाना क्षेत्र के रैगांव के पास शनिवार की सुबह विजयंत ट्रैवल्स की बस एमपी 15 पीए 3644 पीछे से एक बल्कर में जा घुसी। दुर्घटना में बस सवार प्रतीक नामक यात्री की मौके पर मौत हो गई। वह नागपुर का रहने वाला था और रीवा जा रहा था। बताया जाता है कि शनिवार को तड़के करीब 4 बजे हाइवे पर कोहरे की चादर चढ़ी थी। सड़क पर निर्माण भी चल रहा था। आगे जा रहे बल्कर के चालक ने निर्माण से बचाते हुए अपना वाहन निकाला तभी पीछे से आई नागपुर हनुमना बस उससे टकरा गई। हादसे में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। कई अन्य यात्रियों को भी मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर अमदरा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बस सवार अन्य यात्रियों को दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

# शराब कंपनी के मुनीम की हत्या करने वाले आरोपियों ने कोटर और अमरपाटन से लूटी थी बाइक

सतना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस चौराहे पर सारे बाजार दिनदहाड़े शराब कंपनी के मुनीम की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों ने घटना के पहले सतना जिले के कोटर और अमरपाटन थाना क्षेत्र से मोटरसाइकिल लूटी थी उसके बाद घटना को अंजाम दिया था।



यह बात आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताई है। सिटी कोतवाली पुलिस ने यह जानकारी उक्त दोनों थाना प्रभारी को दे दी है। आरोपियों की रिमांड रविवार को खत्म हो रही है। इस बीच पुलिस फिर से न्यायालय से आरोपियों को रिमांड पर लेने का प्रयास करेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तरप्रदेश के जौनपुर से दोनों आरोपियों को सतना पुलिस प्रोटक्शन रिमांड पर सतना लाई है जिनसे पूछताछ की जा रही है। अब इस बात की भी पूछताछ की जाएगी कि आरोपियों ने मोटरसाइकिल कब और कैसे लूटी थी। बता दें कि इसी साल मार्च के महीने में आरोपियों ने यह दिल दहलाने वाली वारदात को अंजाम दिया था। हत्याकांड और लूट के मास्टरमाइंड जिलेदार उर्फ जेडी उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय मुरली यादव 35 वर्ष,निवासी प्यारेपुर और गैंगस्टर सुभाष यादव पुत्र घुरहू (35) निवासी बम्बावन जिला जौनपुर(यूपी) को सनसनीखेज वारदात के 10 महीने बाद प्रोडक्शन वारंट पर यूपी पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सतना लाया गया है।

## सरकारी आवास खाली करने पर बवाल अतिक्रमण अधिकारी की शिकायत पुलिस से

**सतना।** सरकारी आवास में लंबे समय से रह रहे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक कर्मचारी को आवास खाली करना नागवार गुजरा है। उन्होंने नगर पालिका निगम के अतिक्रमण अधिकारी की लिखित तौर पर नामजद शिकायत कोलगवां थाने में की है और कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी से की गई शिकायत में कहा गया है कि मैं सुहाने साकेत सहायक यंत्री राजपत्रित अधिकारी (क्लास-2) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड सतना में पदस्थ हूँ, मेरा कार्यालय कोलगवां थाना के सामने पी.एच.ई कैम्पस में है,एवं पीएचई एफ-टाईप शासकीय आवास भी कैम्पस में है,जो मुझे आवंटित है।आज 28 दिसंबर को शाम लगभग 6 बजे बिना पूर्व सूचना (नियम विरूद्ध) नगरनिगम के अतिक्रमण अधिकारी आरपीसिंह परमार द्वारा अपने दलबल लगभग 40 लोगों के साथ मेरे शासकीय आवास में मेरी अनुपस्थिति में मुख्य गेट तोड़कर एवं सभी कमरों के ताले काटकर कीमती समान एवं शासकीय दस्तावेज एवं पूर्ण गृहस्थी का सामान बाहर फेक दिया गया तथा तोड़फोड़ की गई। एवं मेरे पहुंचने पर मेरे एवं मेरे कर्मचारियों के साथ अभद्रता की गई।

**कमिश्नर का आदेश क्या**

नगर पालिक निगम सतना द्वारा एलआईसी के माध्यम से ऋण प्राप्त किया जाकर जल आवर्धन योजना हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को राशि उपलब्ध कराई गई थी, इसी राशि से नगर में कई ओव्हर हेड टैंक, कर्मचारी आवास गृह, नवीन फिल्टर प्लांट एवं अन्य भवनों का निर्माण हुआ है। इसी राशि से फिल्टर प्लांट स्थित आवास गृह का भी निर्माण कराया गया था,साथ ही नगर की जल आवर्धन योजना वर्ष 2003 में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग से नगर पालिक निगम सतना को हस्तांतरित हो चुकी है, इसी के साथ ही नगर की सम्पूर्ण पेयजल व्यवस्था एवं इससे संबंधित भवन,कर्मचारी आवास गृह भी नगर पालिक निगम सतना को हस्तांतरित हो चुकी हैं। अतः भूपेन्द्र देव परमार उपायुक्त (वित्त),नगरपालिक निगम सतना के प्रस्तुत आवेदन अनुसार कैम्पस के रिक्त प्रथम आवास भूपेन्द्र देव परमार उपायुक्त (वित्त),नगर पालिक निगम सतना को आवंटित किया जाता है। इस सिलसिले में पुलिस का कहना है कि दो सरकारी विभागों का मामला है लिखित शिकायत की गई है जिसकी जांच की जा रही है।

# दो पक्षों के बीच लट्ठ चले, घर में घुस कर महिलाओं को पीटा, पथराव



**सतना।** रामनगर थाना अंतर्गत कुआं गांव में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में जमकर लाठी डंडे चले। सड़क से घर तक पहुंचे इस विवाद के पीछे जमीनी मसले को वजह माना जा रहा है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रामनगर थाना पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम कुआं निवासी दो पक्षों शिवम द्विवेदी और उमेश द्विवेदी ने अपने-अपने साथियों के साथ मिलकर एक दूसरे के पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की। पता चला है कि शिवम द्विवेदी ने उमेश द्विवेदी के घर में घुस कर बृजबिहारी द्विवेदी,रजनीश द्विवेदी समेत उसके माता-पिता और अन्य परिजनों के साथ मारपीट की। शिवम और उसके साथी हाथों में लाठी डंडे लेकर उमेश के घर पहुंचे और जो भी सामने आया उसे पीटने लगे। इस दौरान शिवम के साथियों ने पत्थर भी फेंके। घटना में उमेश और उसके परिजनों को चोट आई है।घर में घुसकर हुई इस मारपीट का वीडियो भी अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो 2 दिन पुराना बताया जा रहा है। बताया जाता है कि इस झगड़े की शुरुआत



27 दिसंबर को पुराने जमीनी विवाद को लेकर हुई थी। शहडोल के देवलोंद थाना अंतर्गत ग्राम चचाई का निवासी शिवम द्विवेदी पिता रामनारायण द्विवेदी (20) एक निजी टेलीकॉम कंपनी में काम करता है। वह किसी काम से अमन गुप्ता की दुकान पर गया था। तभी उमेश द्विवेदी,रजनीश और बृजबिहारी द्विवेदी वहां पहुंचे और उसके साथ गाली गलौज मारपीट करने लगे। इसी बीच शिवम के पिता रामनारायण और मां नीलम द्विवेदी भी वहां आ गए लेकिन बीच बचाव की कोशिश में उमेश वगैरह ने उनकी भी पिटाई कर दी। बाद में रामयश बैस नामक व्यक्ति ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इसी घटना से नाराज शिवम अपने साथियों समेत उमेश के घर जा पहुंचा और जो भी सामने आया उसकी पिटाई कर डाली।इस मामले में रामनगर थाना पुलिस ने शिवम की शिकायत पर उमेश परिजनों के खिलाफ और उमेश की शिकायत पर शिवम के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। टीआई संतोष तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।



# खजुराहो में सम्मानित हुए पद्मश्री दाहिया



**सतना।** मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में स्थापित सांस्कृतिक गांव 'आदिवर्त' जनजातीय एवं लोककला राज्य संग्रहालय की पहली वर्षगांठ का तीन दिनी समारोह शुक्रवार देर शाम शुरू हुआ है। इस समारोह के मुख्य अतिथि छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर,अध्यक्षता अकादमी निदेशक धर्मेंद्र पारे व विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया रहे। इस दौरान पद्मश्री बाबूलाल दाहिया को शाल श्री फल से सम्मानित किया गया।

**पारंपरिक जनजातीय गांव स्थापित किए गए हैं**

आदिवर्त में प्रदेश की 7 प्रमुख गोंड, बैगा, कोरकू,

### आदिवर्त जनजातीय एवं लोककला राज्य संग्रहालय की पहली वर्षगांठ का समारोह हुआ शुरू

भील,भारिया,सहरिया और कोल जनजातियों के रहन-सहन ,खान-पान,वेशभूषा,आभूषण का एक जगह संगम निर्मित किया है जिसमें पारंपरिक जनजातीय आवासों का संयोजन किया गया है। यह परिकल्पना एक जनजातीय गांव की तरह परिकल्पि है। इनके रहन-सहन, आवासों की अलंकारिकता, उपयोगी सामग्रियों को किया है। इसके साथ ही प्रदेश के पांचों लोकांचल बुंदेलखंड, निमाड़, मालवा, बघेलखंड और चंबल की जनपदीय संस्कृति के पारंपरिक आवासों को भी विस्तारित किया है।

### बघेलखंड की पहचान होगी पुरानी बखरी

गौरतलब है की बघेलखंड का पारंपरिक आवास के लिए सतना जिले के वरिष्ट साहित्यकार पर्यावरण विद पद्मश्री बाबूलाल दाहिया का सहयोग लिया था। श्री दाहिया द्वारा बघेलखंड की पहचान पुरानी बखरी का थ्री डी ढांचा माडल बनवाकर देखरेख में इसका निर्माण किया गया है।

# अल्ट्राटेक के सीएसआर विभाग की खुली पोल

### गोद लिए ग्राम पंचायत पिपराबरबंड के सरपंच ने लगाई आरोपों की झड़ी

**मैहर।** नगर के सरलानगर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के सीएसआर विभाग पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कम्पनी द्वारा गोद लिए गए ग्राम पिपरा बर्बड के सरपंच ने अल्ट्राटेक के सीएसआर विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा है कि अल्ट्राटेक कंपनी ने क्षेत्र में न तो शिक्षा,न ही स्वास्थ्य और न ही रोजगार दिया बल्कि केवल दोहन किया है। जबकि ग्राम पंचायत अंतर्गत उमडौर गांव में कंपनी की माइंस संचालित है। गांव के विद्यालय की छत तक गिर चुकी है किंतु आज तक कंपनी द्वारा मरम्मत नही करवाई गई है। सस्ते बैग, किताबे,गोली दवाई बाटने की आड़ में कंपनी करोड़ों का टैक्स बचा रही है तथा अधिकारी मोटा कमिशन एवं बिल लगाकर अपनी तिजोरियों को भर रहे हैं। ग्राम पंचायत में बोर कराने के बाद अल्ट्राटेक के जिम्मेदार उसमें हैंडपंप तक नहीं डलवा पा रहे हैं। सीमेंट कंपनी के जिम्मेदारों द्वारा सिर्फ गोद लिए गए ग्रामों को लॉलीपॉप दिया जा रहा है तथा जमीनी स्तर पर कोई भी सहायता नहीं कि जा रही है। सीएसआर के नाम पर नाममात्र की खानापूर्ति कर सिर्फ फ़ोटो सेशन कराए जा रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक प्रहलाद लोधी हुए शामिल



**सिमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा दिनांक 30 दिसम्बर 2023 को ग्राम पंचायत मधपूरा में नव निर्वाचित विधायक पहलाद लोधी की अध्यक्षता में प्रशासन के साथ सब की समस्याओं का निराकरण करते हुए मोदी की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया विधायक ने कहा कि अंतिम छोर तक के लोगों को प्रधानमंत्री की जितनी भी योजनाएं हैं उन सभी योजनाओं को फायदा मिलेगा।

## 1200 साप्ताहिक पाठ परायण महायज्ञ का हुआ समापन

**पन्ना।** पन्ना के प्रसिद्ध महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर में बीते 24 दिसंबर से आयोजित 1200 साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ का समापन शनिवार 30 दिसंबर सुबह 12 बजे संपन्न होगा। मालूम होगी भीषण ठंड के बावजूद भी हजारों की संख्या में देश विदेश के हजारों श्रद्धालु सुंदर साथ ने पहुंचकर इस महायज्ञ में शिरकत कर धर्म लाभ लिया। आयोजित धार्मिक महोत्सव में प्रथम दिन हरियाणा भिवानी से परमहंस महाराज संत शिरोमणि सदानंद जी महाराज की उपस्थिति रही। इसके अलावा नौतन पुरी जामनगर से जगतगुरु श्री कृष्ण मणि जी महाराज और महामंगल सूरत से गादीपति सूर्य नारायण जी महाराज, गाजियाबाद से सुदीप महात्मा जी के अलावा कई पुरिया से महाराज श्री ने आकर महायज्ञ आयोजन में भाग। अंतिम समापन के अवसर पर धर्मगुरु डॉक्टर दिनेश पंडित गुजरात आनंद से पन्ना पहुंचे और इस धार्मिक आयोजन में शिरकत की।



### पन्ना नगर के गौ सेवक संतोष चाणक्य रैकवार की सराहनीय पहल

# घायल गौ माता का दो माह तक किया उपचार, मृत्यु होने पर विधि विधान से किया गया अंतिम संस्कार

पन्ना। नगर में एक गौ माता की मृत्यु होने पर के गौ सेवकों की टीम के द्वारा विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया जो नगर में चर्चा और सहना का विषय बना हुआ है। मामला इस प्रकार है कि नगर में विचरण करने वाली एक काले रंग की गाय के पैर में अज्ञात कारण से गहरी चोट लग गई थी दर्द से तड़पती गौ माता को देखकर गौ सेवक संतोष चाणक रैकवार के द्वारा उसका उपचार शुरू किया। घाव काफी गहरा होने की वजह से वह ठीक होने का नाम नहीं ले रहा था 2 महीने तक चले उपचार के बाद गाय की मृत्यु हो गई।

नियमित उपचार करने के कारण चाणक्य एवं उनकी टीम के सदस्यों को यह गाय पहचानने लगी थी और उनके आते ही ठहर जाती मानो वह जानती हो कि यह मेरा इलाज करने आए हैं। गाय की मृत्यु हो जाने पर चाणक्य और उनके साथी मायूस हो गए जैसे कोई उनका अपना उन्हें छोड़कर चला गया हो। तब टीम के द्वारा तय किया गया कि वह गौ माता का विधि विधान से अंतिम संस्कार करेंगे। इसके लिए धर्म सागर शांति धाम में जेसीबी मशीन से 10 बाई 8 का एक गड्ढा खुदवाया गया जिसमे मृत गाय को लिटा कर लाल साड़ी, सिंदूर, पुष्प माला एवं नमक डालकर हवन पूजन के साथ विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। बता दे कि संतोष चाणक रैकवार संपूर्ण पन्ना जिले में एक गौ सेवक के रूप में पहचाने जाते हैं कहीं भी बीमार या घायल गोवंश की सूचना मिलने पर वह आधी रात को भी चल पड़ते हैं और स्वस्थ होने तक निशुल्क उपचार करते हैं। इस प्रकार यह अब तक सैकड़ो गोवंश का उपचार कर चुके हैं। आज के इस नेक एवं परोपकार के कार्य में संतोष चाणक्य रैकवार के साथ नीरज लोधी, सुभाष द्विवेदी, अनिल यादव, मुकेश साहू, राजकुमार वर्मा, दिलीप शिवहरे, रूपेश मोदी, रामकुमार रैकवार, सीपू रेले, मनीष रैकवार, सौरभ ओमर, सूरज यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

# महाविद्यालयीन वार्षिक पत्रिका 'सुरत्ना' का हुआ विमोचन



**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र में जाना पहचाना महाविद्यालय हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा के मार्गदर्शन में 'सुरत्ना' वार्षिक पत्रिका 2023-24 का विमोचन महाविद्यालय के मुख्य भवन में गरिमामय कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजेश गौतम रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा द्वारा की गई मुख्य अतिथि महोदय द्वारा महाविद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की गई तथा छात्र हित में आवश्यक सभी प्रयासों में जन भागीदारी समिति के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा द्वारा छात्रों के व्यक्तित्व विकास में पत्रिका के योगदान के बारे में बताया गया। प्राचार्य द्वारा छात्रों को इस पत्रिका में उत्साह पूर्वक अपने विचारों को रखने एवं बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सराहना की गई।साथ ही पत्रिका के प्रकाशन मे जन भागीदारी समिति के सहयोग की सराहना की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रिका की प्रमुख संपादक डॉ मनोरमा गुप्ता द्वारा किया गया एवं सहयोग सह संपादक डॉ कविता परवंदा एवं डॉ रजनीश चौरसिया द्वारा किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संयोजक डॉ एस पी एस परमार,महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा, साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उषा मिश्रा ,डॉ उमा त्रिपाठी, डॉ एस एस राठौर, डॉ जेके वर्मा,डॉ एस. के. पटेल , डॉ आर एम दत्ता, डॉ विनय श्रीवास्तव शाहिद समस्त सहायक अध्यापक अतिथि विद्वान एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## जल मित्रों का जीपीडीपी पर प्रशिक्षण संपन्न

### जल संरक्षण से समृद्व होगा ग्राम पंचायत



**ग्राम सभा अभियान में जल मित्र की भूमिका अहम**

**पन्ना।** स्वयंसेवी संस्था समर्थन ने जल मित्रो का ग्राम पंचायत विकास योजना के 9 क्षेत्रक एवं 29 विषय पर उन्मुखीकरण किया। जीपीडीपी के नोडल अधिकारी पीयूष मिश्रा ने कहा की जल मित्र ग्राम सभा के आयोजन एवं प्रस्ताव का तैयार करनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है, मिश्रा ने जल मित्रो के उन्मुखीकरण के दौरान जल संरचनाओ एवं जल स्त्रोतो की पहचान करने के सीभागी तरीको का अभयास कराया जिससे ग्राम पंचायत के जलस्त्रोत की पहचान करना एवं उससे क्या गतिविधि हो सकती है उसम पर चर्चा की। रिज टू वेली अवधारणा अपनाकर जल संरक्षण की गतिविधियो का निर्धारण करना एवं ग्राम सभा से प्रस्तावित कराकर ई ग्राम स्वाराज पोर्टल में दर्ज करने तक की प्रक्रिया में सब की भागीदारी जरूरी है। परियोजना अधिकारी पियूष मिश्रा ने कहा की जलमित्र की टीम बहुत अच्छा का करेगी इसी उम्मीद के साथ जल मित्रो के सवालो के जबाब एवं समस्याओ का निराकरण भी किया । आपने गांव की समस्याओ को जीपीडीपी में जोंड़ने की अपील की एवं कहा की आपस सब ग्राम सभा को शसक्त बनाये। जल मित्रो को ग्राम सभा में लागो की भागीदारी बढ़ाने एवं जिले को जल से परिपूर्ण करने में जल स्त्रोतो की पहचान एवं उसे गतिविधि में परिणित करने एवं मरम्मत पर काम करने से पानी को रोका जा सकता है ,आगे समग्र विकास की जानकारी देते हुए ज्ञानेन्द्र तिवारी ने वताया की हमें विकास के 9 क्षेत्र पर काम करना है मानव के विकास में सतत विकास लक्ष्य को ध्यान में रखकर योजना मिर्नाण करना प्राथमिकता में है। अभी से आप सभी वार्ड स्तर पर गतिविधियो की पहचान एवं वर्ग वार लोगो से चर्चा कर योजना बनाने की प्रक्रिया चलाना एवं ग्राम सभ में प्रस्तावित करना हमारी भूमिका में है। लगभग 50 जलमित्र प्रशिक्षण में रहे जो 40 ग्राम पंचायत को कवर करेगे। कमलचन्द्र सेन ने जलमित्रो के समन्वय एवं आगमी ग्राम सभा में सबकी भूमिका अनुसार जिले को जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने का संकल्प लिया गया।

# प्रथम नगर आगमन पर विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के स्वागत की तैयारी को लेकर चर्चायें व्याप्त

विकास की सोच के साथ राजनीति का सफर पवई हो या पन्ना विधानसभा आज इतिहास गवाह है। जहां जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि के रूप में तय हुई वहां विकास का पैमाना आगे स्वयं ही सामने आया। सोच के साथ लगन व तत्परता का परिणाम पन्ना विधानसभा में इस बार मंत्री न बनने के बाद भी अपने विकासशील नेता को लेकर विधानसभा में कार्यकर्ता व आम जनता स्वागत को लेकर कई जगह तैयारियां प्रथम बार भोपाल से विधायक बनने के बाद नगर या विधानसभा क्षेत्र में हो रहा आगमन।



**पन्ना।** पन्ना विधानसभा चुनाव के बाद पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह विधायक चुने जाने के बाद विधानसभा भोपाल पहुंचे थे। जहां से उनका आगमन होना बताया जा रहा हैं जिसको लेकर कार्यकर्ता व कई जगह आम जनता में उनके स्वागत को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। गौरतलब बात तो यह है कि पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिनकी सोच में विकास की कार्यशैली आज पहचान बन चुकी है। जिस विधानसभा में जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गये पवई हो या पन्ना खुद विधानसभा क्षेत्र विकास की दिशा से बदलाव को लेकर स्वमेव जाना जाता है। पन्ना विधानसभा में भी पिछला कार्यकाल आज खुद गवाह है। वैसे तो इतिहास के रूप में पवई हो या पन्ना दोनों कार्यकाल विकास के कार्यों से लेकर उनकी पहचान कार्यशैली की स्वमेव जानी जाती है। दृढ़ इच्छा शक्ति विकास के बड़े कार्यों को कराने को लेकर जाने जाते है। मध्यप्रदेश में पन्ना विधानसभा को कुछ हटकर विकास की दिशा देकर उसकी पहचान बनना चाहते है। जिससे पन्ना विधानसभा प्रदेश में अलग ही जानी जाये। यह सोच आपकी कई बार चर्चा में आई वहीं इस बार अब विधानसभा की जिम्मेदारी बाखूबी निभाने को लेकर माना जा रहा है। पहले पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी थी मंत्री पद के चलते अब विधायक के नाते विधानसभा क्षेत्र में बाखूबी विकास की दिशा को आगे बढ़ाने के लिए आपकी सोच का लाभ समूचे विधानसभा में जाना जायेगा। वहीं आपके समर्थक व कार्यकर्ता भले ही मंत्री पद न मिलने के कारण मायूस जरूर है फिर भी जिनके इरादे मजबूत होते है। उन्हें सफलता तय करने में समय नहीं लगता। यही दास्ता मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की सोच में शामिल है। विकास को लेकर जिससे कार्यकर्ता उत्साहित भी है। सब मिलकर विकास की दिशा को बाखूबी समूचे विधानसभा में तय करेगें। जिससे पन्ना विधानसभा मध्यप्रदेश में हीरे की तरह विकास को लेकर चमक विखेरे।

## शासकीय कन्या उमावि में विदाई समारोह संपन्न, शिक्षका राजकुमारी शर्मा हुई सेवानिवृत्त







**अमानगंज ।** नगर अमानगंज के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षका राजकुमारी शर्मा दिनांक 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत्ति हो रही है। जिनका विदाई समारोह आज दिनांक 23 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी, अमानगंज पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया, पूर्व प्राचार्य एसके शर्मा, संस्था प्राचार्य मनीष कुमार राजा की मौजूदगी में कार्यक्रम आरंभ हुआ सर्वप्रथम मां वीणा वादिनी का पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ और फिर कार्यक्रम में आए आगंतुक अतिथियों का फूल माला पहना कर एवं रोली तिलक से स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई तथा विभिन्न वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्राओं को छात्र जीवन संबंधी विभिन्न नसीहतें दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, पूर्व नपा उपाध्यक्ष मुकेश चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी, भाजपा महामंत्री प्रदीप अवस्थी, पूर्व प्राचार्य एसके शर्मा, संस्था प्राचार्य मनीष कुमार रेजा, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार द्विवेदी सहित तमाम शिक्षा विभाग एवं शिक्षक एवं शिक्षकायें मौजूद रहे।

## पहाड़ीखेड़ा सड़क में हादसे घटित होने से निर्माणाधीन कार्य एजेन्सी पर लग रहे प्रश्न चिन्ह

**पन्ना।** निर्माणाधीन पन्ना से पहाड़ीखेड़ा मार्ग लम्बे अर्से से सुर्खियां बटोर रहा है जिसमें जिम्मेदार कार्य एजेन्सी व मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी आखिरकार सड़क के मानको को ध्यान में रखकर निर्माणाधीन सड़क पर कब गंभीर होगें ताकि असमायिक सड़क में घटने वाले हादसों में लगे विराम। पन्ना से पहाड़ीखड़ा मार्ग जो निर्माणाधीन है जिसकी अनुमानित लागत 82 करोड़ बताई जा रही है। इस सड़क के निर्माण को लेकर जहां लम्बे अर्से से कार्य एजेन्सी की लापरवाही व जिम्मेदार मॉनीटरिंग अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे है। इतना ही नहीं इस सड़क में कई हादसे इस दौरान घटित हो चुके है। जिससे असमायिक कई लोगों की मौते हो चुकी है। ऐसी ही दास्ता विगत दो दिवस पूर्व जहां मोटरसाईकिल चालक जो मिक्सर वाहन से टकरा गये और मौत हो गई। यहां लोगों में कार्य एजेन्सी के ठेकेदार पर इस तरह की मौतों को लेकर लापरवाही पूर्वक सड़क के निर्माण में जो कार्य किये जा रहे है जिस पर सुरक्षा मानको का ध्यान नहीं रखा जा रहा। वहीं जिम्मेदार मॉनीटरिंग करने वाले उपयंत्री पर भी आरोप लग रहे है। यहां यह दास्ता कब तक इस तरह कायम रहेगी आखिर कितनी मौते इस सड़क के निर्माण में होती रहेगी व जिम्मेदार बेखबर बने रहेगे। क्या वरिष्ठ अधिकारी इस सड़क की कार्य एजेन्सी व निर्माणाधीन सड़क में जो मानक तय है उन पर गौर किया जायेगा। वहीं जिस तरह से आरोप उपयंत्री पर लग रहे सांठगांठ को लेकर क्या संबंधित उपयंत्री को इस सड़क से अलग किया जायेगा। या उस पर कार्यवाही तय की जायेगी। जो मॉनीटरिंग को लेकर जिम्मेदार है। या फिर यह कहें कि लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री स्वयं भी इससे गुरेज नहीं रखते तभी तो यह लापरवाही लम्बे अर्से से जो आम जनता की जान से खिलवाड़ को लेकर जानी जा रही है। इस सड़क पर जिस तरह के आरोप लग रहे है आखिर पारदर्शिता को ध्यान में रखकर कब वास्तविकता आम जनता के सामने लाई जायेगी। आखिर सड़क निर्माण को लेकर तत्परता से मॉनीटरिंग व जिम्मेदारों पर कब होगी कार्यवाही।

**जो अंततः सही होने के कारण छोड़े गये बिना कार्यवाही के**

# जे.के. सीमेन्ट से क्लीन कर रॉ मटेरियल ले जाने वाले तीन ट्रालों को विगत दिवस चैंकिग के दौरान बिल में त्रुटि मानकर किया गया था जब्त



**पन्ना।** उद्योग के रूप में एन.एम.डी.सी. के बाद जे.के. सीमेन्ट कम्पनी अमागनंज में जो इस समय सीमेन्ट के कारोबार को लेकर जानी जाती है। जहां से रॉ मटेरियल क्लीनकर अपने दूसरे प्लांट में भेजा जा रहा था। जिनके तीन ट्राले विगत दिवस चैकिंग के दौरान एस.डी.एम. पन्ना की मौजूदगी में बिल में त्रुटि मानकर रखे गये थे। जिन्हें अंततः सही होने के कारण छोड़ा भी गया। इस तरह से जहां उद्योग कम्पनी की एक साख स्वमेव होती है। आखिर ये ट्राले जो रॉ मटेरियल लेकर कम्पनी अपने किसी प्लांट में भेजती है पन्ना जे.के. सीमेन्ट का बिल था वह समझने में कहीं न कहीं क्या भूल हुई यह तो जिम्मेदार ही जाने। पर हर आधा घंटे में सड़कों से लम्बे समय से ट्राले रॉ मटेरियरल लेकर गुजरते है फिर बिल में इस तरह से लापरवाही कैसे मानी जाये। या चैकिग में जिम्मेदार अधिकारियों ने क्यों ट्राले क्यों जब्त करके रखे गये थे। अंततः जिन्हें बिना कार्यवाही के छोड़ना भी सामने आया है। इतना ही नहीं एस.डी.एम. पन्ना से बात करने की मोबाईल पर बात करने की कोशिश की गई जिनका मोबाईल भी रिसीब नहीं हुआ। वहीं खनिज अधिकारी पन्ना से भी इस मामले में पुष्टि को लेकर मोबाईल से बात करने का प्रयास किया गया जिन्होंने मोबाईल रिसीब नहीं किया। इससे कहीं न कहीं क्या माना जाये। आखिर ट्राले जब्त किये गये थे जो बिना कार्यवाही के छोड़े भी गये ।तो यहां जल्दबाजी या बिलो में त्रुटि मानकर कार्यवाही को लेकर मामला जो सुर्खियों आया था वह अंततः सही कम्पनी के बिल साबित हुए और ट्राले बाखूबी छोड़े गये। इस तरह से चैंकिंग के दौरान जहां ट्रालों को जब्त करना जो चर्चा में रहा उसका पर्दाफास भी माना जा रहा है। आखिर इस तरह से भी चैंकिग होती हैं जो कार्यवाही में जल्दबाजी या कि जानकारी का आभाव होता है। अपने आप में सवाल है। यहां जो संबंधित वाहन को गंतव्य तक ले जाने के लिए जिम्मेदार थे जिन्हें भी परेशानी का सबब निश्चित ही झेलना पड़ा होगा। वहीं मीडिया के सामने प्रशासन ने भी बाखूबी बात कही जो कहीं न कहीं स्वयं ही सवालों के घेरे में मामला था, अंततः बिना कार्यवाही के ट्राले छूटे। जहां किसकी चूक की वजह से यह दास्ता निर्मित हुई यह तो जिम्मेदार ही जाने। जो मामला विगत दिवस चर्चा में रहा।



**खबर संक्षेप**



## स्वामी रामराजेश्वराचार्य ने दिया व्याख्यान

**छतरपुर।** शनिवार को शहर के किशोर सागर तालाब के पास स्थित महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र स्मृति व्याख्यान माला का सातवां वार्षिक आयोजन किया गया। व्याख्यान माला का विषय रामराज्य, सुराज एवं सुशासन था जिस पर उपस्थित अतिथियों ने सारगर्भित व्याख्यान दिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विनोद रावत ने बताया कि मुख्य अतिथिअनंत विभूषित जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य श्री स्वामी रामराजेश्वराचार्य जी महाराज (माउली सरकार) पीठाधीश्वार श्री रुक्मिणी विदर्भ पीठ (कौडन्यपुर, अमरावती, महाराष्ट्र) रहे। जबकि अध्यक्षता पद्म सम्मान से अलंकृत जल योद्धा जल ग्राम जखनी के उमाशंकर पाण्डेय ने की। कार्यक्रम की प्रस्तावना पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने रखी। तदोपरांत मुख्य अतिथि स्वामी रामराजेश्वराचार्य जी ने व्याख्यान माला के विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उनके बाद जल योद्धा श्री पाण्डेय ने भी रामराज्य, सुराज एवं सुशासन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नगर के बुद्धिजीवी, गणमान्य नागरिक, मातृ शक्ति एवं वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजन में न्यास की सचिव श्रीमती आशा रावत और प्रवीण गुप्त की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वर्षीय किशोरी ने खाया जहर, मौत

**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सींगौन में एक 19 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया था, जिसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल ला रहे थे। लेकिन रास्ते में ही किशोरी ने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सींगौन निवासी बबलू प्रजापति की 19 वर्षीय पुत्री पूजा प्रजापति कक्षा 12वीं की छात्रा थी। बीती रात वह पढ़ाई करने की बात कहकर कमरे में गई थी और यहीं पर उसने जहर का सेवन कर लिया। जब परिजनों को इस बारे में जानकारी लगी तो वे आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लाने के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में पूजा ने दम तोड़ दिया।

### विधायक बब्लू शुक्ला ने कहा

# झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर से मेरा कोई संबंध नहीं

### झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर के ऊपर कब होगा मामला दर्ज? सालों से स्वास्थ्य विभाग के लिए बना था चुनौती?

**छतरपुर।**

विगत 22 दिसंबर को कलेक्टर के निर्देश पर बिजावर एसडीएम विजय द्विवेदी ने संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम अनगौर में 2 झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक में छापामार कार्यवाही की गई थी। मौके पर झोलाछाप डॉक्टरों के पास अस्पताल संचालन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले थे। जिसके बाद नियम विरुद्ध चल रहे अस्पतालों को सील किया गया था। 29 दिसंबर 2023 तक का समय दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, नही तो एक पक्षीय कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज के लिए बोला कहा गया था। सूत्रों की बात की जाए तो भाजपा के कद्दावर नेता के संरक्षण में मामला निपटाने में जुटा झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर।

### झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर के ऊपर कब होगा मामला दर्ज

संयुक्त प्रशासनिक टीम के साथ बिजावर एसडीम विजय द्विवेदी ने झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर अनगौर के यहां कार्यवाही की थी।



जिसमें 1-2 दर्जन कई राज्यों के मरीज लेटे भर्ती मिले थे। एसडीएम ने मौके पर फर्जी झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर की क्लीनिक से संबंधित कागजात मांगें थे, मौके पर कागजात नहीं मिलने और 29 दिसंबर तक का समस्त कागजात प्रस्तुत करने का कहा गया था। मौके पर एसडीएम ने संयुक्त टीम के साथ क्लीनिक को सील कर दिया था। 29 दिसंबर होने के बाद भी बिजावर एसडीएम झोलाछाप डॉक्टर के यहां, मामला दर्ज करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। सूत्रों की माने तो एसडीएम सुविधा शुल्क के चलते कार्यवाही करने से बच रहे है । झोलाछाप डॉक्टर सोनू के यहां करीब चार-पांच साल पहले संयुक्त कार्यवाही को लेकर एसडीएम और बीएमओ छापामार कार्यवाही के लिए आए थे, लेकिन सोनू भटनागर ने अपने क्लीनिक को अंदर से गेट बंद कर सभी मरीज अंदर कर लिए थे। तब एसडीएम ने कहा था कि कब तक बचोगे। झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर ने हाथ पैर चलाना शुरू किया और नेता नगरी के दम पर बच गया था।



### फर्जी झोलाछाप डॉक्टर प्रशासन के लिए बना था चुनौती

फर्जी झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर सालों से लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहा है। सोनू भटनागर फर्जी डॉक्टर के खिलाफ कई लोगों ने ऑनलाइन शिकायत भी की, उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ के द्वारा कार्यवाही के लिए हिम्मत नहीं जुटा पाए। फर्जी झोलाछाप डॉक्टर प्रशासन,स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है।

**इनका कहना है**

मेरा झोलाछाप डॉक्टर सोनू भटनागर या अन्य किसी झोलाछाप डॉक्टर से कोई लेना देना नही है। मेरे क्षेत्र में अवैध रूप से जनता का ईलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रशासन जो कार्यवाही कर रहा है, करे। ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों पर एफआईआर दर्ज कराई जानी चाहिए।

**राजेश बब्लू शुक्ला**
**विधायक, बिजावर**

# 3 डी इलेवन ने महाराजा छत्रसाल को और एएस टाइगर ने एसजे को हराया

### एएस टाइगर और थ्रीडी क्रिकेट क्लब के मध्य फाइनल



**नौगांव।**

शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत खेले जा रहे 68 वें महाराजा छत्रसाल लोकल मेला क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला महाराजा छत्रसाल और 3 डी इलेवन के मध्य दूसरा सेमीफाइनल एएस टाइगर और एस जे सीनियर के मध्य खेला गया।

पहले सेमीफाइनल मुकाबला 3 डी इलेवन और महाराजा छत्रसाल मध्य खेला गया। जिसमें थ्रीडी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी थ्री डी क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 12 ओवरों में 06 विकेट खोकर के नुकसान पर शानदार 120 रन बनाए। जिसमें नदीम ने 49 वशीम ने शानदार 33 रनों का योगदान दिया। महाराजा छत्रसाल क्रिकेट क्लब को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराजा छत्रसाल क्रिकेट क्लब 08 विकेट खोकर मात्र 85 रन ही बना सकी और थ्री डी क्रिकेट क्लब ने इस मैच को 35 रनों से जीत लिया। गेंदबाजी करते हुए नदीम और छुट्टन ने अपनी टीम के लिए 02,02 विकेट लिए। मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर हर्षवर्धन नामदेव और लेग अंपायर की भूमिका में प्रशांत नामदेव रहे।स्कोरर की भूमिका में आयुष सक्सेना और यतेंद्र सिंह सेंगर रहे। दिन का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एस जे क्रिकेट क्लब और एएस टाईगर के मध्य खेला गया। जिसमें एसजे क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी एस जे क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 12 ओवरों में 10 विकेट खोकर 83 रन बनाए, जिसमें अमित चंदेल ने 31 और सादिक अली ने 16 रन बनाकर विपक्षी टीम को जीत के लिए 84 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एएस टाईगर क्रिकेट क्लब ने संघर्ष करते हुए आखिरी ओवर में यह मैच 04 विकेट से जीत लिया। एएस टाईगर क्रिकेट क्लब से राजा हुशैन ने 25 और मिंटू चौरसिया ने शानदार 22 रन बनाए। मैच में निर्णायक भूमिका में मैन अंपायर नितिन तिवारी और लेग अंपायर की भूमिका में प्रतीक सक्सेना रहे। स्कोरर की भूमिका में आयुष सक्सेना और यतेंद्र सिंह सेंगर रहे, कमेंट्रेटर में मनोज कुशवाहा, राजपाल सिंह और अरशद इकबाल रहे।

### शीतलहर से सिहर उठा जनजीवन, बढ़ रही ठण्ड

# रात से ही कोहरे की फैल जाती है चादर



**छतरपुर।**

उत्तर भारत में लगातार पड़ रही बर्फबारी और वहां से आ रही सर्दीली हवाओं का असर बुन्देलखण्ड में भी देखने को मिल रहा है। पिछले दो दिनों से तापमान में अप्रत्याशित गिरावट देखने को मिल रही है। तापमान लुढ़कने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सार्वजनिक स्थलों में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तरी हवाओं के कारण ठण्ड बढ़ रही है। विभाग के मुताबिक तापमान में और गिरावट आने के संकेत मिल रहे हैं। चूंकि आसमान में बादल छाए रहते हैं इसलिए मौसम साफ होने के बाद ठण्ड में बढ़ोत्तरी होगी। रात से ही कोहरे की चादर फैल जाती है। शनिवार को सुबह करीब 11 बजे तक कोहरा छाया रहा। 150 मीटर से भी कम दृश्यता होने से वाहनों के आपस में टकराने का खतरा बना रहा। आसमान से बरस रही सर्दी का सबसे ज्यादा असर खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने वाले गरीब असहायों के साथ-साथ बेजुबान जानवरों पर देखने को मिल रहा है। ओस की बूंदें गिरने से जानवरों की ठण्ड और बढ़ जाती है। प्रशासनिक स्तर पर ठण्ड से बचाव के जो उपाय किए जा रहे हैं वे काफी नहीं है। सार्वजनिक स्थलों के अलावा उन स्थानों पर आग जलाने की जरूरत है जहां जानवरों के झुण्ड के झुण्ड खड़े और बैठे रहते हैं। आग के सहारे ही जानवर इस ठण्ड से अपना जीवन बचा सकते हैं। समाजसेवियों की ओर से ऐसे जानवरों के लिए चारा का इंतजाम तो किया जाता है लेकिन ठण्ड से बचाव के इंतजाम नहीं हो रहे। उधर मौसम विभाग एक-दो दिनों में बारिश और ओलावृष्टि की आशंकाएं जाहिर कर चुका है। हालांकि यदि इस समय बारिश होती है तो किसानों की फसलों को ऊर्जा मिलेगी लेकिन ओलावृष्टि उतनी ही घातक साबित हो सकती है।



# 10 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

**एनटीपीसी**

विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 30.12.2023 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं : - श्री महेंद्र चन्द्र सहाय, उप महाप्रबंधक (टीएमडी), श्री राममूर्ति, उप प्रबन्धक(एमजीआर), श्री अरुण कुमार शुक्ला, उप प्रबन्धक (एफक्यूए), श्री महेंद्र ठाकुर, सहायक प्रबंधक(सतर्कता), श्री दिनेश कुमार, अभियंता/एसएलपीएस(एमजीआर), श्री सतीश कुमार चतुर्वेदी, अभियंता/एसएलपीएस(फ्यूल हैंडिलिंग), श्री शंकर प्रसाद कुशवाहा, उप अभियंता(फ्यूल हैंडिलिंग) , श्री राम बचोले कुशवाहा, सहायक/ एसएलपीएस (एमजीआर), श्री विजय कुमार शर्मा, प्रचालक(फ्यूल हैंडिलिंग) एवं श्री लखपत साहू, प्रचालक(बीएमडी) ।

एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का मुख्य परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया । साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया । इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा । उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया। अभिनंदन समारोह के दौरान विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत होने वाले विभाग के कर्मचारीगणों के साथ-साथ एवं उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती पुर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में इस क्षण को अविस्मरणीय बनाने के लिए सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों के साथ परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों के साथ एक सामूहिक एवं सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत फोटोग्राफ भी ली गई।

# सामूहिक दुष्कर्म एवं नृशंस हत्या के आरोपियों को दोहरा आजीवन कारावास, 6 साल बाद आया फैसला

**छतरपुर।**

सामूहिक दुष्कर्म एवं नृशंस हत्या करने वाले आरोपीगण के मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जिला छतरपुर राजेश कुमार देवालिया के न्यायालय ने आरोपीगण को दोहरा आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि यह कि दिनांक 25.08.2017 को रात्रि में सूचनाकर्ता मृतिका के चाचा ने थाना ओरछा रोड में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11.08.2017 को उसकी भतीजी कॉलेज की कह कर गई थी जो वापस नही आई। इसकी तलाश करने पर नही मिली थी। उक्त दिनांक को इसके पैतृक गांव का रहने वाला लड़का भी कॉलेज से घर नही लौटा था। इन दोनों के साथ भाग जाने का संदेह था। ग्राम हमा के लोगों से बातचीत के दौरान पता चला कि झनझन देवी पहाडिय़ा के जंगल में एक स्थान के पास दो बैग एक जोड़ी सेण्डल, एक जोड़ी जूती, कपड़े बेल्ट व वक्कल, सिर व पैर व पीठ की हड्डिया अलग अलग स्थान में आस पास पड़ी हैं। लडके के पिता के साथ जाकर देखा तो उपरोक्त सामान उसकी भतीजी एवं लड़के के पहचाने गये। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। जांच दौरान घटना से संबंधित आए साक्ष्य के आधार पर आरोपी राकेश गोस्वामी व देवेन्द्र राय के विरूद्ध अपराध धारा 376, 302, 201/34 भादवि के पाये जाने से इनके विरूद्ध प्रकरण कायम किया गया। विवेचना दौरान आरोपी देवेन्द्र राय द्वारा पूछतांछ पर बताया गया कि घटना दिनांक को वह राकेश गोस्वामी के साथ पहाडिय़ा पर गया था जहां पर राकेश गोस्वामी ने लड़के को लाठी मार कर बेहोश कर दिया था एवं लडकी के साथ गलत काम किया था तथा मुझसे दो सल्फास की डिब्बी एवं पानी की बोतल बाड़े से मंगाकर दोनों को तीन-तीन गोलियां पानी के साथ खिलाकर दोनों की हत्या कर दी थी। आरोपी राकेश गोस्वामी द्वारा भी पूछताछ में उक्त बात की पुष्टि की गई। विवेचना दौरान




ही दोनों आरोपीगण से मृतक एवं मृतिका के सामान जिसमें परिचय पत्र, आधारकार्ड, मोबाईल, एटीएम कार्ड, फोटो आदि जप्त किये गये। घटना स्थल से जप्त सल्फास युक्त मिट्टी एवं आरोपी राकेश गोस्वामी से जप्त सल्फास की डिब्बी जांच हेतु भेजी गई जिसमें एक समान रसायन पाये गये। घटना स्थल से जप्त मृतक महिला एवं पुरुष की हड्डियों का मिलान महिला एवं पुरूष के पिता से कराया गया जो एक समान पाया गया। आरोपी देवेन्द्र का डीएनए परीक्षण हेतु भेजा गया। ब्लड सेंपल, घटना स्थल से जप्त कंडोम से कराया गया था जो भी एक समान पाया गया। घटना संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की विवेचना निरीक्षक रामेश्वर दयाल द्वारा की गई। अभियोजन की ओर से डीपीओ प्रवेश कुमार अहिरवार ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये तथा पैरवी में सहयोग एडीपीओ अमित मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय से निवेदन किया गया कि आरोपीगण द्वारा किया गया अपराध जघन्य प्रकृति का है, अधिकतम सजा दी जावे। अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत 15 साक्षियों के परीक्षण एवं विचारण उपरांत तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जिला छतरपुर राजेश कुमार देवालिया के न्यायालय ने आरोपी देवेन्द्र राय को धारा 376 भादवि में 10 वर्ष के सश्रम कारावास, 1000 रूपये अर्थदण्ड, धारा 302 भादवि में दोहरे आजीवन करावास एवं 2000-2000 रूपये अर्थदण्ड, धारा 201 भादवि में 5 वर्ष के कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड तथा आरोपी राकेश गोस्वामी को धारा 302 भादवि में दोहरे आजीवन कारावास एवं दो-दो हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 201 भादवि में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## खबर संक्षेप

### घना कोहरा बना आफत अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 2 की मौके पर मौत

**रीवा।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 गढ़ थाना अंतर्गत ग्राम अगडाल में गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात्रि अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाइक सवार उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला अंतर्गत कुड़रिया थाना पवारा से मैहर दर्शन के लिए रात 9 बजे के करीच घर से निकले थे एनएच 30 में अगडाल के पास पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनको कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया और सूचना डायल हंड्रेड पुलिस तक पहुंची जिसके पुलिस ने दोनों को गंगेव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में पवन कुमार पटेल पिता हरीराम पटेल 37 वर्ष व अशोक कुमार चौहान पिता अमरनाथ चौहान दोनों निवासी ग्राम कुड़रिया थाना पवारा जौनपुर के थे। देर रात हुई सड़क दुघर्टना में। बाइक सवार दोनों युवाकों की जान चली गई। बीते कई वर्षों से नेशनल हाईवे रोड में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन स्तर से कई प्रयास किए गए। पूर्व में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक यातायात और परिवहन विभाग की टीम सभी डेंजर प्वाइंट को चिन्हित कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का फरमान तो जारी किया लेकिन सड़क दुर्घटनाएं अभी भी घटित हो रही हैं।मनगवां से सोहणी तक ऐसे कई कारण है कि छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। जानकारों का कहना है कि सड़क निर्माण मानक तरीके से नहीं हुआ है और ताईवे सड़क के डिवाइडर में कई जगह कट लगे हुए हैं जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसके साथ ही सड़क किनारे संचालित ढाबे बिना पार्किंग सुविधा संचालित हैं, जिसके चलते भी सड़क दुघर्टना हो रहीं हैं हालकी पुलिस ने शुक्रवार दोनों मृतकों का शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया है, वहीं मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### तीन माह से वेतन को मोहताज अतिथि शिक्षक

**रीवा।** एक ओर जहां मध्य प्रदेश सरकार अपने लाडली बहनों को घर बैठे 1500, 2500, और 3000 बिना किसी काम दे रही है। वहीं दूसरी और अल्प वेतन में लगातार खड़े होकर पढ़ाने वाली लाडली बहनों एवं भांजो को तीन-तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बताया गया है कि अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर माह से अतिथि शिक्षकों को वेतन बजट के अभाव में नहीं दिया जा रहा है। कई अतिथि शिक्षक जो की प्राइवेट रूप से अन्य जगह कार्य कर रहे थे अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, और उन्हें प्रतिमाह वेतन मिलता था वह उस नौकरी को छोड़कर शासकीय सेवा के लालच में अतिथि शिक्षक बन गए अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि अतिथि शिक्षक का तीन-तीन माह से वेतन भुगतान नहीं हो रहा और किसी भी वरिष्ठ अधिकारी ने बजट की मांग शासन से नहीं की।

### शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**मऊगंज ।** प्रभारी कलेक्टर अशोक कुमार औहरी द्वारा दिनांक 31-12- 2023 को वर्ष की समाप्ति एवं दिनांक 1-1 -2024 को नववर्ष के शुभारंभ के दौरान बहुती जलप्रपात एवं अष्टभुजा धाम के पास देवलहा जलप्रपात नईगढ़ी एवं इसके अतिरिक्त भी नव युवको/ आम नागरिकों का आवागमन एवं भीड़ एकत्रित होने की संभावना है। धार्मिक पर्यटन स्थलों पर संभावित एकत्रित भीड एकत्रित होने की संभावना है। घटना को रोकने के दृष्टिगत से कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए हैं।

## एजायल कंपनी पर फोड़ा ठीकरा

# आर्मी के रैंक को लेकर एसजीएमएच में सुरक्षा कर्मियों ने किया हंगामा

संजय गांधी अस्पताल में उस समय कौतूहल का विषय बना गया जब सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर जाने की बजाय हड़ताल करने में आमदा हो गये। तीनो सिफ्ट के सुरक्षाकर्मी इस बात अड़े रहे कि कंपनी द्वारा नियुक्त किया गया सीएसओ उनके कद से छोटा है और उसके अधीन हम काम नहीं करेंगे।

रीवा !



यहां विरोध आर्मी के सेवा निवृत लोगों ने किया, जिनके सहयोग में तीनो सिफ्ट के सुरक्षाकर्मी शामिल रहे। बताते चले कि एसजीएमएच में सीनियर सिक्योरिटी आफिसर का पद रिक्त पड़ा है, जिसमें कंपनी ने आर्मी के सेनि. सिपाही की नियुक्ति कर दी। इस बात की जानकारी लगते ही कंपनी में काम कर रहे सेनि. कैप्टन सूबेदारों को लगते ही आक्रोशित हो गये। उनका कहना था कि आर्मी का एक आफीसर आर्मी के ही सिपाही को सलूटी नही मारेगा और न ही उसके अधीन काम करेगा। इस बात को लेकर एसजीएमएच की सिक्योरिटी में लगे सेनि. आर्मी के जवानों ने एजायल कंपनी के साइड मैनेजर से नोक झोंक भी की। उनका आरोप था कि एजायल कंपनी देश की सेवा करने वाले जवानों का अनादर कर रही है। एक सिपाही को कैप्टन और सूबेदार के रैंक से सेनि. होने वाले जवानों को अधिकारी बनाया जा रहा है जबकि सीमा पर उनके अधीन सिपाहियों की टोली हुआ करती थी। इतना ही नहीं सिक्योरिटी आफीसर एकजुट होकर अपने नोडल अधिकारी, एसजीएमएच के अधीक्षक एंव डीन से मिलकर आर्मी के सेवा निवृत्त सिपाही के अधीन काम न किये जाने की बात रखी। इस संबंध में जब कंपनी के जिम्मेदारों से बात की गई तो उन्होंने जबाव दिया कि किसी भी विभाग से सेवा निवृत होने के बाद आदमी सिविलिन हो जाता है और आउटसोंस कंपनी में हर व्यक्ति एक समान होता है चाहे वो आर्मी का सेनि. हो या फिर किसी अन्य विभाग का।

# पुलिस व पब्लिक के सहयोग से पकड़ा गया कंजर गिरोह का एक सदस्य

### कई लूट को दे चुका अंजाम

रीवा !

रीवा, मऊगंज ही नहीं विंध्य में कंजर गिरोह का आतंक है, ये खानदानी लुटेरे होते है। घुमक्कड़ लुटेरे कहीं भी सेंध लगा देते है और कहीं भी घात लगाकर लूट को अंजाम दे देते है। विरोध करने पर मारपीट पर आमदा हो जाते हैं। मऊगंज में शुक्रवार को दिन दहाड़े कंजर गिरोह ने लूट को अंजाम दे दिया। गनीमत रही कि शोर शराबा सुनकर भीड़ एकत्रित हो गई और कंजर गिरोह के एक सदस्य को पकडऩे में कामयाब रही। जबकि दूसरा साथी मौका मिलते ही भागने में कामयाब हो गया। बताया जा रहा है कि पुलिस के हत्थे चढ़ा कंजर गिरोह के सदस्य ने रीवा, मऊगंज सहित कई जिलों में लूट करने की बात स्वीकार की है। मऊगंज थाना प्रभारी एसके द्विवेदी लुट के आरोपी को न्यायालय में पेश कर अन्य लूटपाट एंव चोरियों के संबंध में पूछतांछ करने के लिए तीन दिन के लिए रिमांड पर ले लिया है। थाना प्रभारी मऊगंज एसके द्विवेदी ने बताया कि कंजर गिरोह के सदस्य लूट के आरोपी अरूण कंजर पिता मान सिंह कंजर 22 वर्ष निवासी चुगाही थाना मझौली जिला सीधी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने लूटे गये 6 लाख रूपये बरामद कर लिये गये है। आरोपी शाहपुर थाना क्षेत्र के चौहाना निवासी



रमेश प्रसाद सोनी पिता लक्ष्मण प्रसाद सोनी 56 वर्ष के साथ मारपीट कर 6 लाख रूपये लूट लिये थे। जिनको पुलिस और पब्लिक की मदद से पकड़ा गया।

### एसबीआई बैंक से कर रहे थे रैकी,

मेडिकल स्टोर के सामने दिया अंजाम बताया गया कि कंजर गिरोह मऊगंज स्थित एसबीआई बैंक में शिकार की तलाश में गिद्ध की भांति नजर गड़ाये हुए था। उसी दौरान चौहाना निवासी रमेश प्रसाद सोनी पर नजर पड़ी। देखा कि वह कैशियर से नोटो की गड्डी ले रहे है। गड्डी देखकर ही कंजर गिरोह ने बड़ी राशि होने को अंदाजा लगा लिया और उसके पीछे पड़ गये। रमेश सोनी दवा लेने के लिए थाना के बगल स्थित मेडिकल स्टोर पर रूक गये। तभी मौका पाकर कंजर गिरोह के सदस्य बाइक की डिग्गी तोड़कर उसमें रखे नोटों से भरे थैले को निकाल लिये। गनीमत रही कि उसी दौरान रमेश सोनी की नजर अपनी बाइक पर जा पड़ी और वो शोर मचाते हुए बाइक को ओर दौड़े। जैसे ही बाइक के पास पहुंचे कंजर गिरोह का सदस्य अरूण कंजर ने उन पर मुक्के से प्रहार कर गिरा दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रही पुलिस और पब्लिक की नजर जा पड़ी और अरूण कंजर गिरोह को पकड़ लिया। जबकि दूसरा साथी जितेंद्र उर्फ जित्तू कंजर भागने में कामयाब हो गया।

### अगस्त माह में फौजी से लूटी थी 4 लाख रूपये की राशि

मऊगंज बस्ती में अगस्त माह में दिन दहाड़े 4 लाख रूपये की लूट हुई थी। लूट का शिकार एक फौजी हुआ था। पुलिस लूटेरों के गिरोह का सुराग लगाती रही लेकिन कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा था। पुलिस हिरासत में आये अरूण कंजर ने पूछतांछ के दौरान उक्त लूट की बात स्वीकार करते हुए अपने साथियों के नाम पुलिस के सामने उगल दिये है। जिनकी तलाश में पुलिस की टीम शहडोल, अनूपपुर, सीधी सहित अन्य जिलों की खाक छान रही है। खबर लिखे जाने तक जानकारी लगी कि पुलिस जहां भी दबिस दे रही है वहीं घरों में ताला लटकते हुए मिल रहा है।

# मोटर साइकिल की डिग्गी से तोड़कर 6 लाख रुपए लेकर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार



### पुलिस ने लूट गए रुपए बरामद किए

मऊगंज

जिला मुख्यालय मऊगंज के पोस्ट ऑफिस के सामने चौहना गांव निवासी रमेश कुमार सोनी जो बेटी के उपचार के लिए मऊगंज स्थित एक्सिस बैंक से 6 लख रुपए निकाल कर घर जा रहा था जैसे ही मऊगंज स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप मेडिकल स्टोर के सामने मोटरसाइकिल खड़ी कर दवा लेने लगा। उसकी नजर गाड़ी की तरफ गई देखा कि एक बदमाश डिग्गी तोड़कर रुपए से भरा बैग निकाल रहा है, रमेश सोनी ने देर किए बगैर मौके पर पहुंचकर बदमाश को पकड़ लिया, बदमाश ने पीड़ित की पिटाई शुरू कर दी इस दौरान वहां गस्त कर रही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई, पुलिस को देखते ही बदमाश रुपए से भरा बैग लेकर भागने लगा इसके बाद मऊगंज पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से भाग रहे बदमाश को पकड़ लिया और 6 लख रुपए बरामद कर लिया ।पुलिस की पूछताछ में बदमाश ने चार महीने पूर्व में एक बड़ी लूट करना स्वीकार किया है जिसमें 6 लोगों की गैंग ने मऊगंज स्थित स्टेट बैंक के समीप से आर्मी से रिटायर हुए व्यक्ति के मोटरसाइकिल की डिग्गी से 400000 अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात का अंजाम दिया था गिरफ्तार किया गया आरोपी सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत चूवाही गांव निवासी अरुण कंजर पिता मानसिंह कंजर उम्र 30 वर्ष है। जो इस लूट का मास्टरमाइंड है जिसकी गिरोह में एक दर्जन से ज्यादा सदस्य काम कर रहे हैं यह गिरोह मऊगंज, सीधी, सिंगरौली जिले में सक्रीय है ,जो बैंक से रुपए निकालने वालों की रैकी करते है और उन्हें अपना निशाना बनाते है। फिलहाल पुलिस इस लूट गैंग के अन्य सदस्यों के ठिकानों को में दबिश दे रही है जिससे और बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

# बिना फिटनेस चेक पोस्ट चाकघाट पर बस जप्त और 7 बसों से निकाल कर जप्त की गई सीटें



रीवा।

परिवहन विभाग रीवा द्वारा आज कलेक्टर मऊगंज के आदेशानुसार आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना के स्टाफ ने संयुक्त जाच अभियान चलाया । आज की गई कार्यवाही में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना ने मऊगंज जिले में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर 12 बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की और बसों का अंदर बाहर से भौतिक रूप से भी परीक्षण किया जिसमें 7 बसों पर आपातकालीन द्वार पर सीटे लगी पाई गई।परिवहन स्टाफ के द्वारा उन लगी हुई सीटों को बसों से निकलवा कर जप्त कर लिया गया और बसों पर चालानी कार्रवाही की गई। यह कार्यवाही मऊगंज हनुमना एवं देवतालाब में की गई।इसके अलावा परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट मे भी बसों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया,बसों की जांच के दौरान एक बस बिना फिटनेस के चलती हुई पाई गई जिसे जप्त कर परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट पर खड़ा कराया गया चेक पोस्ट पर चार बसों के चालान भी बनाए गए। परिवहन विभाग द्वारा बसों एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के ऊपर कार्यवाही की जा रही है जो यात्रियों के लिए असुरक्षित है और मार्ग पर चलने योग्य नहीं है ऐसे वाहनों को विशेष रूप से चिन्हित कर मार्ग से हटाया जाएगा साथ ही बसों पर लगे सभी सुरक्षा मांनको की भी जांच की जा रही है। आरटीओ रीवा के द्वारा बस संगठन से भी बात कर यह बात कही गई है की बसों के सभी सुरक्षा मानकों को सही कर लिया जाए जिससे यात्रियों को बसों में कोई असुविधा न हो और आप भी विभाग की चालानी कार्यवाही से बच सके। आज की कार्वाही से परिवहन विभाग को 73000 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ ।

## पचमठा धाम धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बनेगा - उप मुख्यमंत्री

# पचमठा परिसर के निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं





रीवा !

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने पचमठा धाम में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बीहर रिवर फ्रंट योजना के तहत पचमठा परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। इसके सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। सीसी रोड बनाने तथा पेवर ब्लाक लगाने का कार्य तत्काल शुरू करें। पचमठा आदि गुरू शंकराचार्य जी की विन्ध्य क्षेत्र की यात्रा की स्मृतियाँ संजोये हुए है। इसका धार्मिक रूप से बहुत महत्व है। इस स्थान के विभिन्न निर्माण कार्य पूरे होने के बाद पचमठा धाम धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण, सड़क निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण के कार्यों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने पचमठा धाम के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा मंदिर के सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, कार्यपालन यंत्री एसके चतुर्वेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने घोघर मोहल्ले में पुराने डाकघर के सामने जल भराव के संबंध में मिली शिकायत का निराकरण करने के लिए मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक निर्माण कार्य कराकर जल भराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

# जिले के तराई क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों के हाल बेहाल

### वारदाने के अभाव में प्रभावित हुई खरीदी

### तीन दिनों से ठंड में ठिठुर रहे किसान

### धृतराष्ट्र की भूमिका में प्रशाशनिक अमला

रीवा !

शासन द्वारा किसानो की धान को सुचारु रूप से खरीद के लिए धान खरीदी केंद्र खुलवाये गए है, जिससे किसानो को बिना किसी समस्याओ के धान को खरीदा जा सके। लेकिन जिले के तराई क्षेत्र के जवा तहसील अंतर्गत किरहाई बवंधर स्थिति बजरंग बली स्व सहायता समूह खरीदी केंद्र मे 3 दिनों से वारदाने के अभाव मे सैकड़ो



ट्रेक्टरों की लम्बी लाइनें लगी हुई है. इस भीषण ठंड मे पिछले तीन दिनों से किसान अपनी धान बेचने को लेकर खुले आसमान के नीचे रात के ठंड मे ठिठुरनें को मजबूर है। केंद्र के शुरू होते ही प्रशाशन द्वारा ऊंट के मुंह मे जीरा समान वारदाना भिजवाया गया जो कुछ ही घंटो मे समाप्त हो गया। किसानो नें अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि बुबाई प्रभावित होने के साथ ही भाड़े पर आये ट्रेक्टरों का किराया भी दोगुना वहन करना पड़ रहा है।खरीदी केंद्र मे सैकड़ो किसानो नें सरकार व प्रशाशन के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुए समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया।किसानो नें आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि यदि समस्या नही सुधरी तो किसान खरीदी केंद्र के बाहर धरना प्रदर्शन व अनशन करने को बाध्य होंगे।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल राम मंदिर अक्षत कलश यात्रा में हुए शामिल

**रीवा !** अयोध्या में भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस मंदिर में 22 जनवरी को भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा होगी।



भगवान श्रीराम मंदिर के लिए रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 22, वार्ड क्रमांक 23 और वार्ड क्रमांक 24 में कलश यात्रा निकाली गई। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलश यात्रा में शामिल होकर वार्ड का भ्रमण किया। उन्होंने पवित्र नदियों के जल के कलश को शिरोधार्य कर वार्ड में भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि सदियों के बाद भगवान राम जन्मभूमि मंदिर पर विराजमान होंगे। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विशेष प्रयासों से इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो सका है। भगवान श्रीराम के जन्म स्थान पर मंदिर का निर्माण और भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा देश का गौरव बढ़ाएगी। हम सबको अब जन्मभूमि में भगवान श्रीराम के दर्शन का सुअवसर मिलेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण तथा श्रीराम मंदिर अक्षत कलश यात्रा के सहभागी यात्रा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।